Need to develop a centralized system for conversion and utilization of agriculture waste to garner optimum results in agriculture and animal husbandry sectors-laid

श्री रोडमल नागर (राजगढ़) **:** सरकार ने प्राकृतिक कृषि की ओर तेजी से कदम बढ़ाए हैं । कृषि से उत्पन्न अपशिष्ट का प्रयोग यदि पशुपालन में किया जाता है तो कृषि का वेस्ट पशुओं के लिए बैस्ट बन जाता है और पशुओं द्वारा उत्सर्जित वेस्ट का उपयोग जब कृषि हेतु किया जाता है तो यह कृषि के लिए बैस्ट बन जाता है । जब देसी गायों के द्वारा कृषि उत्सर्जित वेस्ट का प्रयोग आहार के रूप में किया जाता है तो यह स्वास्थ्य वर्धक एवं बहु उपयोगी A-2 दूध के उत्पादन एवं गुणवत्ता दोनों में वृद्धि करता है । कृषि से प्राप्त वेस्ट से अच्छी नस्ल की देसी गाय तैयार होती है । अतः सरकार से प्राकृतिक कृषि, पशुपालन ,नस्लसुधार, दुग्ध एवं खाद्यान्न उत्पादकता के साथ ही गुणवत्ता में वृद्धि करने हेतु waste से best बनाकर बहुआयामी एवं बहुपयोगी एकीकृत तंत्र विकसित करने हेतु अनुरोध करता हूं ।